# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

## शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2010

## तारांकित प्रश्नोत्तर

राजनांदगांव जिले में वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 के बजट में सम्मिलित सिंचाई योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति

1. (*क्र. 1114) **श्री भोलाराम साहू** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 के बजट में राजनांदगांव जिले की किन-किन सिंचाई योजनाओं को सम्मिलित किया गया था ? विकासखण्डवार लागत व सिंचाई क्षमता सहित जानकारी देवें. (ख) उक्त योजनाओं में से कितनी योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है ? कितनी लंबित है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) राजनांदगांव जिले की वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 के बजट में सम्मिलित योजनाओं की विकासखण्डवार, लागत व सिंचाई क्षमता की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" तथा "ब" में दर्शित है. (ख) उक्त योजनाओं में से वर्ष 2008-09 के बजट में शामिल 81 योजनाओं में से 69 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है एवं शेष 12 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति लंबित है. वर्ष 2009-10 के बजट में शामिल 79 योजनाओं में से 70 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है एवं शेष 9 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति लंबित है.

अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में लघु सिंचाई योजनाओं से सिंचित रकबा

2. (*क्र. 405) **श्री सौरभ सिंह** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के किन-किन गांवों में किन-किन लघु सिंचाई योजनाओं से कितने-कितने क्षेत्रफल में सिंचाई की जाती है ? (ख) किन-किन सिंचाई परियोजनाओं में 01-04-2006 से 31-12-2009 तक विभाग द्वारा कितनी राशि का व्यय किस कार्य के लिये किया गया है ? (ग) विधान सभा क्षेत्र के अकलतरा के बलौदा विकासखण्ड में असिंचित ग्रामों में सिंचाई सुविधा हेतु विभाग द्वारा क्या योजना एवं कार्यवाही की गई है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के 16 ग्रामों में 10 लघु जलाशयों से कुल 1499 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जाती है. जलाशयवार लाभान्वित ग्रामों की विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) दिनांक 01-04-2006 से दिनांक 31-12-2009 तक करांनाला जलाशय योजना के निर्माण कार्य पर रु. 530.00 लाख, ए.डी.बी. सहायतित पुनरुद्धार एवं उत्थान कार्य पर शनिचराडीह जलाशय में रु. 38.76 लाख तथा बुड़गहन जलाशय में रु. 16.02 लाख का व्यय किया गया है. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) विधान सभा अकलतरा के बलौदा विकासखण्ड के असिंचित ग्रामों में सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिये ग्राम डोरला, नवापारा तथा जूनाडीह में तीन व्यपवर्तन योजनाओं के निर्माण हेतु सर्वेक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है.

जिला दुर्ग में रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत लंबित मजदूरी का भुगतान

3. (*क्र. 698) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 में 20-1-2010 तक रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कितने परिवारों द्वारा पंजीयन कराया गया ? कितने पंजीकृत परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्राप्त हुआ ? जिलेवार जानकारी प्रदाय करें. (ख) दुर्ग जिला में रोजगार प्राप्त परिवारों में से 20-1-2010 तक कितने परिवारों का मजदूरी भुगतान किन कारणों से शेष है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) प्रश्नानुसार कोई मजदूरी भुगतान शेष नहीं है अतः कारण बताये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

† परिशिष्ट "एक" †† परिशिष्ट "दो"

रायगढ़ जिले में खरीफ एवं रबी फसल हेतु सिंचाई क्षमता

4. ( *क्र. 1177 ) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) रायगढ़ जिले में 31 जनवरी, 2010 की स्थिति में किस-किस सिंचाई जलाशयों एवं सिंचाई योजनाओं से कितने-कितने रकबा में खरीफ एवं रबी फसल हेतु सिंचाई क्षमता विद्यमान है ? जलाशय एवं सिंचाई योजनावार पृथक-पृथक जानकारी देवें ? ( ख ) वर्ष 2009 के खरीफ एवं वर्ष 2010 के रबी फसल हेतु प्रश्नांश "क" के तहत कितने-कितने रकबे में सिंचाई सुविधा प्रदान की गई या की जा रही है ? पृथक-पृथक जलाशय एवं सिंचाई योजनावार जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) रायगढ़ जिले में 31 जनवरी 2010 की स्थिति में एक वृहद परियोजना, हसदेव बांगो से 11911 हेक्टेयर खरीफ तथा 8338 हेक्टेयर रबी, 5 मध्यम योजनाओं से 15870 हेक्टेयर खरीफ तथा 2025 हेक्टेयर रबी एवं 154 लघु योजनाओं से 25344 हेक्टेयर खरीफ तथा 1751 हेक्टेयर रबी, इस प्रकार कुल 53125 हेक्टेयर खरीफ तथा 12114 हेक्टेयर रबी हेतु सिंचाई क्षमता विद्यमान है. विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र में दर्शित है. ( ख ) वर्ष 2009 के खरीफ एवं वर्ष 2010 के रबी फसल हेतु एक वृहद परियोजना, हसदेव बांगो से 8593 हेक्टेयर खरीफ तथा शून्य हेक्टेयर रबी, 5 मध्यम योजनाओं से 12218 हेक्टेयर खरीफ तथा 40 हेक्टेयर रबी एवं 154 लघु योजनाओं से 10090 खरीफ तथा 399 हेक्टेयर रबी, इस प्रकार कुल 30901 खरीफ तथा 399 हेक्टेयर रबी में सिंचाई सुविधा प्रदान की गई. विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र में दर्शित है.

जिला कोरबा में आयाकट निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

5. ( *क्र. 1126 ) **श्री रामदयाल उइके :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) जिला कोरबा में 1 जन., 2008 से 31 दिस., 2009 तक कुल कितने आयाकट निर्माण हेतु कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें. ( ख ) क्या उक्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? यदि नहीं तो क्यों ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) जिला कोरबा में दिनांक 01 जनवरी, 2008 से 31 दिसम्बर 2009 तक कुल 22 कार्य, कुल 2364.44 हेक्टेयर क्षेत्र में आयाकट निर्माण हेतु कुल रुपये 225.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. उक्त सभी आयाकट कार्य विकासखण्ड करतला के अंतर्गत है. ( ख ) उक्त अवधि में स्वीकृत कार्य के अंतर्गत केवल जल उपभोक्ता संथा भैसामुड़ा के ग्राम-कटबिटला एवं ग्राम सेंदरी में आयाकट कार्य की स्वीकृति दिनांक 18-11-09 को दी गई है, कार्य प्रगति पर है. उक्त कार्य 31-03-2010 को पूर्ण हो जावेगा. शेष सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं.

आरंग विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों का निर्माण

6. ( *क्र. 629 ) **श्री रूद्र कुमार गुरु :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) आरंग विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2009-2010 में दिनांक 31 दिसम्बर, 2009 तक की समयावधि में कुल कितनी सड़क कहां से कहां तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत की गयी है ? ( ख ) उक्त समयावधि में स्वीकृत सड़कों का निर्माण कब तक पूर्ण किया जावेगा ? ( ग ) उक्त समयावधि में किन-किन सड़कों में कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए हैं ? कार्य प्रारंभ नहीं होने का क्या कारण है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : ( क ) प्रश्नांकित अवधि में एक भी सड़क स्वीकृत नहीं की गई है. ( ख ) एवं ( ग ) प्रश्नांश "क" के संदर्भ में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

डोंगरगढ़ वि. खं. में सूखा नाला बैराज एवं खातूटोला बैराज निर्माण की स्वीकृति

7. ( *क्र. 1194 ) **श्री खेदूराम साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) क्या डोंगरगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत सूखा नाला बैराज एवं खातूटोला बैराज निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है ? यदि हां, तो किस योजना के अंतर्गत कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई ? ( ख ) निर्माण कब तक पूर्ण करा लिया जावेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) जी हां. डोंगरगांव विकासखण्ड के अंतर्गत सूखानाला बैराज निर्माण हेतु रु. 9262.77 लाख एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत खातूटोला बैराज के निर्माण हेतु रु. 2232.43 लाख की स्वीकृति दी गई है. ( ख ) उक्त योजनाओं का निर्माण कार्य जून 2011 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है.

जिला कोरबा में सिंचाई क्षमता वृद्धि हेतु प्रस्तावित योजनाएं

8. ( *क्र. 510) **श्री बोधराम कंवर** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कोरबा जिले में सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु किन-किन नई सिंचाई योजनाओं का प्रस्ताव विभाग को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है ? प्रत्येक की लागत व सिंचाई क्षमता क्या है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : जिला कोरबा में सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु एक नई सिंचाई योजना ओंदालीडोह जलाशय योजना का प्रस्ताव प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है. योजना की लागत रु. 322.24 लाख व सिंचाई क्षमता 243 हेक्टेयर है.

सरायपाली विधान सभा क्षेत्र में सिंचित रकबा

9. ( *क्र. 672) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 15-1-2010 की स्थिति में सरायपाली विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न साधनों से की जाने वाली सिंचाई का रकबा कितना हेक्टेयर है ? उक्त सिंचाई कुल रकबे का कितने प्रतिशत है ? (ख) लघु, मध्यम एवं वृहद सिंचाई योजना से कितने हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हो रही है ? मध्यम एवं वृहद सिंचाई योजना के नाम सहित प्रत्येक का सिंचाई क्षमता क्या है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) दिनांक 15-01-2010 की स्थिति में सरायपाली विधान सभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित विभिन्न साधनों से की जाने वाली सिंचाई का कुल रकबा 2770 हेक्टेयर है. उक्त सिंचाई कुल रकबे का 5.24 प्रतिशत है. (ख) लघु सिंचाई योजनाओं से कुल 2770 हेक्टेयर रकबे में खरीफ फसल हेतु सिंचाई की जा रही है. सरायपाली विधान सभा क्षेत्र में मध्यम एवं वृहद सिंचाई योजना से कोई सिंचाई नहीं होती है.

विधान सभा क्षेत्र लैलूंगा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों हेतु स्वीकृत एवं व्यय राशि

10. ( *क्र. 528) **श्री हृदयराम राठिया** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र लैलूंगा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्माणाधीन सड़क कौन-कौन सी है ? स्वीकृत राशि सहित जानकारी देवें ? (ख) किन-किन सड़क में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ? (ग) क्या निर्माणाधीन सड़कों के संबंध में खराब गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के स्तम्भ 3 एवं 5 में दर्शाई गई है. (ग) जी नहीं, प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

दुर्ग नगर निगम एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नहर नालियों में अवैध कब्जा हटाने हेतु कार्यवाही

11. ( *क्र. 1313) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग नगर निगम एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कितने कि.मी. सिंचाई नहर नालियां हैं ? (ख) वर्तमान में कितने कि.मी. की नहर नालियां प्रवाहित है एवं कितने कि.मी. में अवैध कब्जा है ? अवैध कब्जा हटाने के लिये विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है एवं कब तक अवैध कब्जा को हटाया जायेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत 21.24 कि.मी. एवं भिलाई नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत 49.51 कि.मी. इस प्रकार कुल 70.75 कि.मी. सिंचाई नहर नालियां है. (ख) वर्तमान में 52.55 कि.मी. की नहर नालियां प्रवाहित है एवं 15.70 कि.मी. में अवैध कब्जा है, अवैध कब्जा हटाने हेतु विभाग द्वारा समय-समय पर कब्जाधारियों को नोटिस दिया गया है. कब्जा हटाने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

---

† परिशिष्ट "तीन"

## रायपुर नगर में महाविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन

12. ( *क्र. 1058) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर नगर में शासकीय एवं अनुदान प्राप्त कितने महाविद्यालय संचालित है ? (ख) उक्त महाविद्यालयों में से कौन-कौन से महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की संस्कृत विषय की पढ़ाई होती है ? पृथक-पृथक बतावें ? (ग) उक्त महाविद्यालयों में महाविद्यालयवार संस्कृत विषय के कितने प्राध्यापक हैं ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) रायपुर नगर में 06 शासकीय एवं 04 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित है. (ख) उक्त महाविद्यालयों में से शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रायपुर में स्नातक स्तर पर एवं शासकीय दूधाधारी श्री वैष्णव स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत विषय की पढ़ाई होती है. (ग) शासकीय दूधाधारी श्री वैष्णव स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर में प्राध्यापक संस्कृत का 01 पद स्वीकृत है. जो रिक्त है.

## पामगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत इंदिरा आवास के प्राप्त आवेदनों का निराकरण

13. ( *क्र. 558) **श्री दूजराम बौद्ध :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने इंदिरा आवास के प्रकरण 2009 में स्वीकृत हुए हैं ? कितने आवेदन विचाराधीन हैं और इनका निराकरण कब तक होगा ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : 604 प्रकरण स्वीकृत हुए हैं. कोई आवेदन विचाराधीन नहीं है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्डों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों की स्थिति

14. ( *क्र. 1364) **श्री नारायण चंदेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले के किन-किन विकासखण्डों में अप्रैल, 2006 से अप्रैल, 2009 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कें, कितनी-कितनी राशि की, कितने किलोमीटर लम्बाई की, कहां से कहां तक की स्वीकृत हुई थी ? (ख) स्वीकृत सड़कों में से कितनी सड़कें निर्धारित समय में पूर्ण कर ली गई है एवं कितनी अपूर्ण हैं ? अपूर्ण रहने के क्या कारण हैं ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) 37 सड़कें निर्धारित समय में पूर्ण कर ली गई है. 41 सड़कें अपूर्ण है. ठेकेदारों द्वारा कार्य धीमी गति से करने के कारण अपूर्ण है.

## जगदलपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत निर्मित जाब कार्ड

15. ( *क्र. 228) **श्री संतोष बाफना :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कुल कितने जॉब कार्ड पंचायतवार बने हुए हैं ? (ख) मजदूरी भुगतान हेतु कितने जॉब कार्ड धारियों के नाम से बैंक और पोस्ट ऑफिस में खाते खुलवाये गये ? (ग) कितने जॉब कार्डधारियों के खाते खुलवाने शेष है ? (घ) वर्ष 2007-08, 2008-09 के अंतर्गत जॉब कार्डधारियों को कितने दिनों का रोजगार दिया गया ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) कुल 20,587 जॉब कार्ड. पंचायतवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) कुल 41,372 सदस्यों का बैंक/डाकघर में खाते खोले गये हैं. (ग) 5,949 सदस्यों के बैंक/डाकघरों में खाता खोला जाना शेष हैं. (घ) जॉब कार्डधारियों को वर्ष 2007-08 में 3,31,278 एवं वर्ष 2008-09 में 2,39,852 मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया गया.

## रायपुर जिले के भाटापारा विकासखण्ड में निर्मित एनीकट की लागत एवं निर्माण कार्य की प्रगति

16. ( *क्र. 1078) **श्री चैतराम साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले के विकासखण्ड भाटापारा के अन्तर्गत शिवनाथ नदी में ग्राम-सेमरिया, गुड़ाधार, खपरी-सिल्हा एवं पासीद में निर्मित एनीकटों के निर्माण की लागत क्या है ? क्या निर्माण कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं ? यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ?

---

† परिशिष्ट "चार" †† परिशिष्ट "पांच"

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : रायपुर जिले के विकासखण्ड भाटापारा के अंतर्गत शिवनाथ नदी में ग्राम-सेम्हरिया, गुड़ाधार एवं खपरी में एनीकट का निर्माण नहीं कराया गया है. शिवनाथ नदी में ग्राम सिल्पा के निकट सिल्पा एनीकट, लागत राशि रु. 323.55 लाख तथा ग्राम पासिद के निकट पासिद (रायपुर) एनीकट, लागत राशि रु. 264.43 लाख का निर्माण कराया गया है. उक्त दोनों योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है.

## जिला जांजगीर-चांपा एवं रायपुर में रोपित रतनजोत के पौधे

17. (*क्र. 991) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006 से 2009 तक जिला जांजगीर-चांपा एवं रायपुर के अंतर्गत किन-किन पंचायतों द्वारा रतनजोत के कितने-कितने पौधे, कितनी-कितनी राशि से लगवाये गये हैं ? विकासखंड एवं पंचायतवार रोपित पौधे, स्वीकृत राशि की जानकारी वर्षवार बतावें ? (ख) प्रश्नांश (क) अनुसार लगाये गये पौधों की वर्तमान भौतिक स्थिति क्या है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

## पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए गए कार्यों की स्थिति

18. (*क्र. 1373) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2009 में कबीरधाम जिले के पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजना के 31 दिसम्बर, 2009 की स्थिति में कितने कार्य पूर्ण किए गए हैं ? कितने अपूर्ण हैं ? उक्त कार्यों में कितने-कितने श्रमिकों ने कुल कितना-कितना दिवस कार्य किया है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : कबीरधाम जिले के पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत वर्ष 2009 (31 दिसम्बर, 2009 की स्थिति) में 511 कार्य पूर्ण किए गए तथा 577 कार्य अपूर्ण हैं. उक्त कार्यों में 2,56,674 श्रमिकों द्वारा 25,62,827 दिवस कार्य किया गया.

## कसडोल विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत कार्य तथा भुगतान

19. (*क्र. 1388) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2007-08, 2008-09 एवं 2009-10 (31 दिसंबर, 2009 तक) में कसडोल विधान सभा के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुल कितने व कौन-कौन से कार्यों की स्वीकृति हुई है ? स्वीकृत कार्यों की समयावधि कब तक है ? कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने अपूर्ण हैं तथा कितने प्रारंभ नहीं हुए हैं ? (ख) क्या कराये गये कार्यों में मजदूरी व लगाये गये मशीनों का भुगतान कर दिया गया है ? यदि भुगतान बाकी है तो किस-किस मद में कितना-कितना भुगतान शेष है ? भुगतान कब तक कर दिया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) कराये गये कार्यों में से एक कार्य का रु. 10,000/- मजदूरी भुगतान शेष है, जिसका शीघ्र भुगतान करा दिया जावेगा. उक्त कार्यों में मशीनों का उपयोग नहीं किया गया है.

## संजारी बालोद विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़कों की स्वीकृति व निर्माण

20. (*क्र. 955) **श्री मदनलाल साहू :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संजारी बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत किन-किन सड़कों की स्वीकृति दी गई ? स्वीकृत सड़कों की लम्बाई, लागत राशि व निर्माण एजेंसी बतावें ? (ख) क्या स्वीकृत सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक पूरा कर लिया जावेगा ? (ग) विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2009-10 में एल.एम.जी.एस.वाई. अंतर्गत किन-किन सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जी हां. प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता. (ग) प्रश्नानुसार कोई योजना नहीं होने के कारण सड़कों का निर्माण प्रस्तावित करने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "छः" †† परिशिष्ट "सात"

खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित/निर्माणाधीन सड़कें

21. ( *क्र. 1375) **श्री परेश बागबाहरा** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2007-08, 2008-09 एवं 2009-10 में निर्मित/निर्माणाधीन कहां से कहां तक की कौन-कौन सी सड़क की परफार्मेन्स गारंटी कब तक के लिए है ? (ख) निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) योजनान्तर्गत परफॉरमेंस गारंटी सड़कवार न होकर पैकेजवार होती है. पैकेजवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) दिनांक 31-03-2010 तक पूर्ण होने की संभावना है.

खुज्जी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों की स्थिति

22. ( *क्र. 1115) **श्री भोलाराम साहू** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कितनी सड़कों की स्वीकृति प्रदाय की गई ? सड़क का नाम, दूरी, लागत राशि बतायें. (ख) उल्लेखित सड़कों में से कितनी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? कितनी सड़कों का कार्य अपूर्ण है ? कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? (ग) खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2009-10 में कितनी सड़कें प्रस्तावित हैं ? सड़क का नाम, दूरी तथा लागत राशि की जानकारी देवें.

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) 58 सड़कों की. जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) 19 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण, 38 सड़कों का कार्य अपूर्ण व 01 सड़क अप्रारंभ है. जून 2010 तक पूर्ण होना संभावित है. (ग) प्रश्नाधीन अवधि में एक भी सड़क प्रस्तावित नहीं है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में इंदिरा आवास हेतु प्राप्त आवेदन

23. ( *क्र. 406) **श्री सौरभ सिंह** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 में जांजगीर-चांपा जिले में इंदिरा आवास निर्माण का कितना लक्ष्य था ? वर्ष 2008-09 में अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत इंदिरा आवास के कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? (ख) कितने प्रकरण लंबित और विचाराधीन है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) 2084 आवासों का लक्ष्य था. 264 आवेदन प्राप्त हुए हैं. (ख) जानकारी निरंक है.

रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत केन्द्र शासन से प्राप्त राशि

24. ( *क्र. 699) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2006-07 से 2009-10 में 20-1-10 तक केन्द्र शासन द्वारा कितनी राशि राज्य सरकार को प्राप्त हुई है ? वर्षवार जानकारी देवें. (ख) कुल कितनी राशि का कार्य रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कराया गया है ? कितना भुगतान किया जा चुका है ? वर्षवार जानकारी देवें.

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) रोजगार गारंटी योजना के तहत केन्द्र शासन द्वारा राशि सीधे जिला पंचायत को जारी की जाती है. राज्य को वर्ष 2006-07 से 2009-10 (दिनांक 20-01-2010 तक) प्राप्त राशि का विवरण ‡ संलग्न परिशिष्ट के कालम नंबर तीन में दर्शित है. (ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कालम नंबर चार एवं पांच में दर्शित है.

जिला कोरबा के रामपुर जलाशय सिंचाई योजना की लागत तथा भौतिक स्थिति

25. ( *क्र. 1127) **श्री रामदयाल उइके** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कोरबा में निर्माणाधीन रामपुर जलाशय योजना कब स्वीकृत की गई थी ? उसकी कुल निर्माण लागत कितनी है ? उक्त जलाशय की भौतिक स्थिति क्या है ? (ख) उक्त निर्माण में 31-1-10 तक कितनी राशि खर्च की जा चुकी है ? (ग) उक्त निर्माण कार्य की एजेन्सी (ठेकेदार) कौन है ?

† परिशिष्ट "आठ" †† परिशिष्ट "नौ" ‡ परिशिष्ट "दस"

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) जिला कोरबा में निर्माणाधीन रामपुर जलाशय योजना को स्वीकृति दि. 28-04-2005 को प्रदान की गई थी. योजना की कुल लागत रु. 1800.82 लाख है. उक्त जलाशय का शीर्ष कार्य 20% माह जनवरी 2010 तक पूर्ण किया जा चुका है. नहर कार्य अप्रैल 2010 तक प्रारंभ होने की संभावना है. (ख) उक्त जलाशय के निर्माण में दिनांक 31-01-2010 तक रु. 869.936 लाख व्यय किया गया है. (ग) उक्त निर्माण कार्य हेतु दो एजेंसियों ( ठेकेदारों ) का निर्धारण किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है :—

1. मेसर्स न्यूटेक इंडिया, अ-5 श्रेणी, गुड़गांव, हरियाणा :— बांध के सेन्ट्रल स्पीलवे ( ओगी वियर आर.डी. 0 से 120 मी. ) एवं मिट्टी कार्य आर.डी. 120 से 180 मी. हेतु.

2. मेसर्स बी. बी. वर्मा, अ-5 श्रेणी, कोरबा :— बांध में मिट्टी कार्य आर.डी. 240 मी. से 1120 मी. एवं आर. डी. 570 मीटर पर हेड स्लूस के निर्माण हेतु.

---

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 405) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**विधान सभा क्षेत्र अकलतरा के अंतर्गत लघु सिंचाई योजनाओं से की जा रही सिंचाई की जानकारी**

| स. क्र. (1) | योजना का नाम (2) | लाभान्वित ग्रामों का नाम (3) | रूपांकित सिंचाई क्षमता (क्षेत्रफल हेक्टेयर में) (4) | निर्मित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) (5) | सिंचित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पोड़ीदरहा जलाशय | (1) पोड़ीदलहा | 142 | 142 | 108 |
| 2. | कटघरी जलाशय नं. 1 | (1) कटघरी | 176 | 176 | 65 |
| 3. | कटघरी जलाशय नं. 2 | (1) कटघरी | 102 | 102 | 15 |
| 4. | ठड़गाबहरा जलाशय | (1) जूनाडीह | 262 | 30 | 30 |
| | | (2) ठड़गाबहरा | | 232 | 200 |
| 5. | बरपाली जलाशय | (1) बरबसपुर | 195 | 195 | 79 |
| 6. | शनिचराडीह जलाशय | (1) शनिचराडीह | 607 | 107 | 62 |
| | | (2) कोरला | | 100 | 89 |
| | | (3) बछौद | | 200 | 160 |
| | | (4) चंदनिया | | 100 | 92 |
| | | (5) पिपरदा | | 100 | 100 |
| 7. | बुड़गहन जलाशय | (1) बगडबरी | 364 | 200 | 104 |
| | | (2) कुर्मा | | 159 | 86 |
| | | (3) लेवई | | 5 | 5 |
| 8. | जर्वे जलाशय | (1) जर्वे | 93 | 93 | 102 |
| 9. | बंधवा बलौदा जलाशय | (1) बंधवा बलौदा | 160 | 160 | 160 |
| 10. | औरईखुर्द जलाशय | (1) औरईखुर्द | 42 | 42 | 42 |
| | **योग 10 योजनाएं** | **16 ग्राम** | **2143** | **2143** | **1499 हे.** |

प्रपत्र "ब"

**जल संसाधन संभाग, जांजगीर-चांपा के अन्तर्गत सिंचाई परियोजनाओं में योजनावार**
**वर्ष 01-04-2006 से 31-12-2009 तक व्यय की जानकारी**

(रु. लाख में)

| स. क्र. | योजना का नाम | व्यय (01-04-2006 से 31-12-2009 तक) वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 | वर्ष 2008-09 (31-12-09) | योग | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | कर्रानाला जलाशय | 170.64 | 279.37 | 79.99 | 530.00 | बांध निर्माण एवं शीर्ष कार्य. |
| 2. | शनिचराडीह जलाशय | - | - | 38.76 | 38.76 | ए. डी. बी. के अंतर्गत पुनरूद्धार एवं उत्थान कार्य. |
| 3. | बुड़गहन जलाशय | - | - | 16.02 | 16.02 | ए. डी. बी. के अंतर्गत पुनरूद्धार एवं उत्थान कार्य. |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 698) के भाग (क) की जानकारी ]

### रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 (20-01-2010 तक) में किए गए पंजीकृत परिवारों का विवरण

| क्र. | जिला पंचायत का नाम | 2008-09 | | 2009-10 (20-01-2010 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पंजीकृत परिवार | कुल पंजीकृत परिवार में से 100 दिवस रोजगार प्रदाय परिवार | पंजीकृत परिवार | कुल पंजीकृत परिवार में से 100 दिवस रोजगार प्रदाय परिवार |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | बस्तर | 9040 | 4261 | 3665 | 1634 |
| 2. | बिलासपुर | 13025 | 15233 | 45420 | 6684 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 827 | 8300 | 2700 | 1702 |
| 4. | धमतरी | 3211 | 9260 | 1384 | 2297 |
| 5. | जशपुर | 4595 | 7505 | 0 | 2140 |
| 6. | कांकेर | 11333 | 8973 | 0 | 2404 |
| 7. | कबीरधाम | 8390 | 37217 | 5999 | 13312 |
| 8. | कोरिया | 4817 | 7152 | 4994 | 1078 |
| 9. | रायगढ़ | 7308 | 19437 | 5430 | 897 |
| 10. | राजनांदगांव | 17084 | 63034 | 6742 | 12517 |
| 11. | सरगुजा | 7016 | 22454 | 11016 | 2804 |
| 12. | जांजगीर-चांपा | 18286 | 3856 | 10677 | 1075 |
| 13. | कोरबा | 2039 | 7399 | 20523 | 1842 |
| 14. | महासमुंद | 6424 | 25164 | 16811 | 3366 |
| 15. | रायपुर | 43419 | 12857 | 31275 | 5191 |
| 16. | दुर्ग | 305075 | 3745 | 26367 | 994 |
| | **योग** | **461889** | **255847** | **193003** | **59937** |

परिशिष्ट "तीन "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 528) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**विधान सभा क्षेत्र लैलूंगा के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की जानकारी**

(राशि लाख रु. में)

| स. क्र. | विकासखण्ड का नाम | सड़क का नाम | स्वीकृत की राशि (संधारण सहित) | व्यय राशि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | तमनार | तमनार-केशरचुआं रोड से बुदिया | 80.15 | 46.73 |
| 2. | तमनार | उरबा से पेलमा | 127.33 | 100.36 |
| 3. | तमनार | मिलुपारा से कोड़केल | 131.62 | 18.13 |
| 4. | तमनार | सिदारपारा से बाजारमुड़ा | 126.60 | 45.51 |
| 5. | तमनार | हमीरपुर मार्ग से भगोरा | 52.09 | 25.90 |
| 6. | तमनार | देवगढ़ से बरमुड़ा | 31.73 | 18.80 |
| 7. | तमनार | बनई से तुन्दरहा | 114.82 | 64.19 |
| 8. | तमनार | जरेकेला से महुआपाली | 75.59 | 20.29 |
| 9. | तमनार | बरकसपाली से चिर्रामुडा | 112.57 | 66.84 |
| 10. | लैलूंगा | लैलूंगा-घरघोड़ा से केनापारा | 112.14 | 41.32 |
| 11. | लैलूंगा | झरन से पहाड़लुडेग | 94.90 | 33.86 |
| 12. | लैलूंगा | लैलूंगा-बाकारुमा (टी-09) से झरन | 28.62 | 0.00 |
| 13. | तमनार | तमनार तोलगे से उत्तर रेगांव | 77.23 | 68.07 |
| 14. | तमनार | हुकरा डोंगामौहा से सारसमाल | 113.36 | 70.64 |
| 15. | तमनार | लैलूंगा-हुकरा मार्ग (टी-01) से रेगालबहरी | 108.99 | 58.37 |
| 16. | तमनार | रायगढ़ घरघोड़ा से बड़गांव | 118.28 | 27.25 |
| 17. | तमनार | तमनार केशरचुआ से आमलीढोढा | 63.59 | 40.23 |
| 18. | तमनार | तमनार केशरचुआ (टी-03) से कर्रापाली | 77.57 | 31.15 |
| 19. | लैलूंगा | केशला से पीपराही | 222.81 | 128.86 |
| 20. | लैलूंगा | टी-02 से गहनाझरीया | 83.05 | 56.03 |
| 21. | लैलूंगा | अंकिरा से केकराझरिया | 105.70 | 63.38 |
| 22. | लैलूंगा | सोनाजोरी से सिवारधार | 133.22 | 123.24 |
| 23. | तमनार | पढीगांव से हरिजनपारा | 65.85 | 13.94 |
| 24. | तमनार | एल-043 से भुईकुर्री | 51.69 | 36.18 |
| 25. | तमनार | आमाघाट कचकोबा से नावापारा | 66.83 | 48.63 |
| 26. | तमनार | राज्यमार्ग से बरपाली | 21.14 | 15.23 |
| 27. | तमनार | जांजगीर से शारदा मंदिर | 150.80 | 73.80 |
| 28. | तमनार | पढ़िगांव से महलोई | 51.09 | 30.41 |
| 29. | तमनार | तमनार से गौरबहरी | 254.78 | 104.91 |
| 30. | तमनार | बनई से कुंजेमुरा | 406.08 | 227.32 |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 1364) के भाग (क) की जानकारी ]

**अप्रैल 2006 से अप्रैल 2009 तक विकासखण्डवार स्वीकृत सड़कों की जानकारी**

(राशि लाख रु. में लंबाई कि. मी. में)

| स. क्र. (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | स्वीकृत वर्ष (3) | स्वीकृत राशि (संधारण सहित) (4) | लंबाई (5) | सड़क का नाम (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बलौदा | 2006-07 | 137.26 | 4.78 | मेन रोड से महुदा |
| 2. | बलौदा | 2006-07 | 154.78 | 5.25 | मेन रोड से कुरमा |
| 3. | बलौदा | 2006-07 | 40.54 | 1.23 | मेन रोड से भिलाई |
| 4. | बलौदा | 2006-07 | 238.98 | 12.90 | बलौदा से पहरिया |
| 5. | बलौदा | 2008-09 | 199.45 | 5.90 | मेन रोड से पिथनपुर |
| 6. | बलौदा | 2008-09 | 88.05 | 2.60 | मेन रोड से सोनबरसा |
| 7. | बलौदा | 2008-09 | 67.88 | 2.35 | टी. 03 से उच्चभिट्ठी |
| 8. | बलौदा | 2007-08 | 60.85 | 1.90 | मेन रोड से नवागांव |
| 9. | बलौदा | 2007-08 | 102.54 | 3.88 | जर्वे से अवराईकला |
| 10. | बलौदा | 2007-08 | 98.47 | 4.30 | मेन रोड से बोकरेल |
| 11. | बलौदा | 2007-08 | 123.29 | 5.17 | मेन रोड से महुदा (ब) |
| 12. | बलौदा | 2007-08 | 49.22 | 1.88 | मेन रोड से कोरबी |
| 13. | बलौदा | 2007-08 | 113.22 | 3.50 | मेन रोड से बुचवा |
| 14. | बलौदा | 2007-08 | 175.30 | 6.59 | मेन रोड से रैनुपर |
| 15. | बलौदा | 2007-08 | 92.57 | 3.40 | मेन रोड से बसंतपुर |
| 16. | बलौदा | 2007-08 | 58.19 | 1.84 | पिसौद से उदयबंद |
| 17. | बलौदा | 2007-08 | 67.49 | 3.00 | कमरीद से जाटा |
| 18. | बलौदा | 2007-08 | 64.17 | 2.73 | पिसौद से पिथमपुर |
| 19. | अकलतरा | 2006-07 | 23.26 | 0.80 | मेन रोड से बरगांव |
| 20. | अकलतरा | 2006-07 | 225.82 | 10.23 | मेन रोड से चंदनिया |
| 21. | अकलतरा | 2006-07 | 102.10 | 4.00 | मेन रोड से कटघरी |
| 22. | अकलतरा | 2006-07 | 76.78 | 3.23 | साजापाली से खोड़ |
| 23. | अकलतरा | 2006-07 | 118.91 | 4.50 | कटनई से बरपाली |
| 24. | अकलतरा | 2006-07 | 134.59 | 6.70 | मेन रोड से सुरमाल |
| 25. | अकलतरा | 2006-07 | 111.69 | 5.13 | मेन रोड से बरबसपुर |
| 26. | अकलतरा | 2006-07 | 25.29 | 0.95 | मेन रोड से महमदपुर |
| 27. | अकलतरा | 2007-08 | 287.94 | 14.35 | कल्याणपुर से पलाहदा |
| 28. | अकलतरा | 2007-08 | 237.41 | 11.45 | कापन से हरदी |
| 29. | अकलतरा | 2007-08 | 147.59 | 6.90 | पोड़ी से चंगोरी |
| 30. | अकलतरा | 2008-09 | 88.41 | 2.70 | टी.05 से पीपरसती |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 31. | अकलतरा | 2008-09 | 91.57 | 3.10 | टी.-05 से कोटमी सोनार |
| 32. | अकलतरा | 2008-09 | 228.42 | 8.65 | दर्रीताड़ से कटघरी |
| 33. | अकलतरा | 2008-09 | 113.59 | 4.00 | टी.-06 से सोनादुला |
| 34. | अकलतरा | 2008-09 | 138.10 | 5.55 | चोरभट्ठी से मुरली (क) |
| 35. | अकलतरा | 2008-09 | 51.71 | 2.10 | टी. 02 से मुड़पार |
| 36. | अकलतरा | 2008-09 | 115.61 | 4.55 | तिलई से तागा |
| 37. | अकलतरा | 2008-09 | 40.53 | 1.05 | मेन रोड से सोनसरी |
| 38. | पामगढ़ | 2006-07 | 170.28 | 6.25 | कोसा से हिर्री |
| 39. | पामगढ़ | 2006-07 | 78.72 | 4.35 | सिल्ली से चोरभट्ठी |
| 40. | पामगढ़ | 2007-08 | 69.51 | 3.25 | सेमरा रिंगनी रोड से कनेरा |
| 41. | पामगढ़ | 2007-08 | 43.27 | 1.90 | सिल्ली से जोगीडीपा |
| 42. | पामगढ़ | 2007-08 | 116.76 | 5.00 | राहौद से कोसका |
| 43. | पामगढ़ | 2007-08 | 89.72 | 4.40 | मेन रोड से लगरा |
| 44. | पामगढ़ | 2007-08 | 28.89 | 1.30 | मेन रोड से खूंटन |
| 45. | पामगढ़ | 2007-08 | 54.86 | 2.50 | मेन रोड से कोनार |
| 46. | पामगढ़ | 2007-08 | 55.96 | 2.30 | मेन रोड से बंदेली |
| 47. | पामगढ़ | 2008-09 | 55.26 | 2.35 | पेण्ड्री से भदरा |
| 48. | बम्हनीडीह | 2007-08 | 138.96 | 5.80 | नगरदा से दुरपा |
| 49. | बम्हनीडीह | 2007-08 | 313.15 | 14.93 | मेन रोड से लखुर्री |
| 50. | बम्हनीडीह | 2007-08 | 62.51 | 2.65 | बिर्रा कन्हाईबंद से सोनादह |
| 51. | बम्हनीडीह | 2008-09 | 127.59 | 4.55 | मेन रोड झरना से पिपरैल |
| 52. | बम्हनीडीह | 2008-09 | 52.58 | 2.05 | मेन रोड से पचरी |
| 53. | बम्हनीडीह | 2008-09 | 165.09 | 5.75 | एन. एच.-200 से अमरवा |
| 54. | डभरा | 2006-07 | 69.94 | 2.5 | डभरा-साराडीह रोड से उपनी |
| 55. | डभरा | 2006-07 | 68.58 | 2.8 | मुख्य मार्ग से रामभाठा |
| 56. | डभरा | 2006-07 | 160.47 | 6.9 | मुख्य मार्ग से साराडीह |
| 57. | डभरा | 2006-07 | 40.46 | 1.4 | मुख्य मार्ग से सुखदा |
| 58. | डभरा | 2006-07 | 113.49 | 5.2 | मुख्य मार्ग से कुसमुल |
| 59. | डभरा | 2006-07 | 57.47 | 2.6 | मुख्य मार्ग से केकराभाठा |
| 60. | डभरा | 2006-07 | 62.12 | 2.7 | देवरघटा-बाराद्वार रोड से चिचरा |
| 61. | डभरा | 2006-07 | 40.78 | 2.5 | डभरा से चोरपटी |
| 62. | डभरा | 2006-07 | 251.39 | 8.7 | मुख्य मार्ग से सपोस |
| 63. | डभरा | 2006-07 | 194.52 | 12.60 | ओड़ेकेरा से सिरौली |
| 64. | डभरा | 2006-07 | 32.64 | 1.5 | मुख्य मार्ग से अमलीपाली |
| 65. | डभरा | 2007-08 | 45.17 | 1.5 | मेन रोड से अकोलतराभाठा |
| 66. | डभरा | 2007-08 | 58.02 | 2.8 | मेन रोड से बोरसी |
| 67. | डभरा | 2007-08 | 86.87 | 2.60 | मुख्य मार्ग से जवाली |
| 68. | डभरा | 2007-08 | 109.07 | 3.25 | टी.-04 से कांशीडीह |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 69. | डभरा | 2007-08 | 109.41 | 3.55 | मुख्य मार्ग से बरपीपर |
| 70. | सक्ती | 2006-07 | 63.74 | 2.00 | बारपारा से सर्जुनी |
| 71. | सक्ती | 2006-07 | 64.51 | 2.43 | मुख्य मार्ग से लिमतरा |
| 72. | सक्ती | 2006-07 | 57.09 | 2.21 | मुख्य मार्ग से सरवानी |
| 73. | सक्ती | 2006-07 | 31.52 | 1.15 | सोंठी से बोईरडीह |
| 74. | सक्ती | 2006-07 | 101.29 | 3.45 | सक्ती से सिंघनसरा |
| 75. | सक्ती | 2006-07 | 92.65 | 4.08 | सक्ती-खरसिया रोड से अमलडीहा |
| 76. | सक्ती | 2006-07 | 74.75 | 2.73 | सक्ती-खरसिया रोड से मरकामगोढी |
| 77. | सक्ती | 2007-08 | .128.95 | 5.30 | केनेटी से परसदाखुर्द |
| 78. | सक्ती | 2008-09 | 135.13 | 4.25 | मुख्य मार्ग से जोगरा |
| 79. | सक्ती | 2008-09 | 77.90 | 2.60 | मुख्य मार्ग से पासीद |
| 80. | सक्ती | 2008-09 | 123.33 | 4.30 | बाराद्वार जैजैपुर से बाराद्वार बस्ती |
| 81. | सक्ती | 2008-09 | 95.13 | 3.45 | मुख्य मार्ग से सरवानी (बाराद्वार) |
| 82. | सक्ती | 2008-09 | 111.44 | 3.65 | मुख्य मार्ग से परसदाकला |
| 83. | मालखरौदा | 2006-07 | 100.31 | 3.25 | मुख्य मार्ग से बुंदेली |
| 84. | मालखरौदा | 2006-07 | 67.24 | 2.50 | बुंदेली से छिमानी |
| 85. | मालखरौदा | 2006-07 | 157.55 | 6.10 | सेरो से अण्डा |
| 86. | मालखरौदा | 2006-07 | 115.26 | 4.7 | मुख्य मार्ग से सुलौनी |
| 87. | मालखरौदा | 2006-07 | 61.97 | 2.50 | मुख्य मार्ग से करीगांव |
| 88. | मालखरौदा | 2007-08 | 258.37 | 10.220 | पोता से बड़े मुड़पाड़ |
| 89. | मालखरौदा | 2008-09 | 69.05 | 2.000 | L0-28 से बड़ेपड़मुड़ा |
| 90. | जैजैपुर | 2006-07 | 0.61 | 2.00 | मुख्य मार्ग से धमनी |
| 91. | जैजैपुर | 2006-07 | 167.26 | 6.95 | मुख्य मार्ग से गुचकुलिया (पाड़ा हरदी) |
| 92. | जैजैपुर | 2007-08 | 114.43 | 6.00 | जैजैपुर से कंचदा |
| 93. | जैजैपुर | 2007-08 | 264.34 | 10.50 | बेलादुला से बोरेकेलखुर्द |
| 94. | जैजैपुर | 2008-09 | 71.22 | 2.25 | मुख्य मार्ग से सोनसरी |
| 95. | जैजैपुर | 2008-09 | 104.59 | 3.30 | मुख्य मार्ग से अकलसरा |
| 96. | जैजैपुर | 2008-09 | 59.84 | 1.95 | मुख्य मार्ग से दुटी |
| 97. | जैजैपुर | 2008-09 | 59.6 | 1.90 | मुख्य मार्ग से दतौद |
| 98. | जैजैपुर | 2008-09 | 160.11 | 5.55 | मुख्य मार्ग से बेलकर्री |
| 99. | जैजैपुर | 2008-09 | 260.78 | 8.45 | मुख्य मार्ग से मुक्ता |
| 100. | जैजैपुर | 2008-09 | 114.82 | 3.55 | मुख्य मार्ग से महुआडीह से कांशीगढ़ |
| 101. | जैजैपुर | 2008-09 | 84.13 | 2.90 | ओड़ेकेरा से परसाडीह |
| 102. | नवागढ़ | 2006-07 | 386.2 | 15.66 | सेमरा से रिंगनी |
| 103. | नवागढ़ | 2006-07 | 156.33 | 5.99 | भड़ेसर से खैरा |
| 104. | नवागढ़ | 2006-07 | 32.98 | 1.39 | भड़ेसर खैरा रोड से दर्री |
| 105. | नवागढ़ | 2006-07 | 123.09 | 5.02 | सलखन से कामता |
| 106. | नवागढ़ | 2006-07 | 43.21 | 2.05 | सलखन से बरभाटा |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 107. | नवागढ़ | 2006-07 | 93.27 | 3.80 | मुख्य मार्ग से कांशा |
| 108. | नवागढ़ | 2006-07 | 75.5 | 2.90 | मुख्य मार्ग से तेंदुआ |
| 109. | नवागढ़ | 2006-07 | 48.29 | 2.10 | मुख्य मार्ग से कोटिया |
| 110. | नवागढ़ | 2006-07 | 126.98 | 6.27 | मुख्य मार्ग से उदय भांठा |
| 111. | नवागढ़ | 2006-07 | 313.38 | 11.62 | मुख्य मार्ग से तूसमा |
| 112. | नवागढ़ | 2006-07 | 120.04 | 3.70 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से दाहिदा |
| 113. | नवागढ़ | 2006-07 | 87.31 | 3.65 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से भैंसमुड़ी |
| 114. | नवागढ़ | 2006-07 | 113.7 | 4.15 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से नवापारा |
| 115. | नवागढ़ | 2006-07 | 57.59 | 2.00 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से भादा |
| 116. | नवागढ़ | 2006-07 | 71.72 | 2.10 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से मौहाडीह |
| 117. | नवागढ़ | 2006-07 | 26.29 | 1.00 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से अकलतरी |
| 118. | नवागढ़ | 2006-07 | 83.74 | 2.15 | नवागढ़ बिरगहनी रोड से बरबसपुर |
| 119. | नवागढ़ | 2006-07 | 151.72 | 5.78 | मेन रोड से भथाली |
| 120. | नवागढ़ | 2006-07 | 142.77 | 4.85 | मेन रोड से करमंदी |
| 121. | नवागढ़ | 2006-07 | 43.71 | 1.50 | मेन रोड से बर्रा |
| 122. | नवागढ़ | 2006-07 | 42.84 | 1.55 | मेन रोड से मोहतरा |
| 123. | नवागढ़ | 2006-07 | 47.65 | 1.70 | मेन रोड से देवरी |
| 124. | नवागढ़ | 2006-07 | 114.3 | 4.05 | मेन रोड से सिधुंल |
| 125. | नवागढ़ | 2006-07 | 57.88 | 2.00 | मेन रोड से दुरपा |
| 126. | नवागढ़ | 2007-08 | 111.37 | 3.60 | मुख्य मार्ग से पुटपुरा |
| 127. | नवागढ़ | 2007-08 | 99.69 | 3.05 | T09 से मरकाडीह |
| 128. | नवागढ़ | 2007-08 | 85.45 | 3.05 | मड़वा से तेंदुभाठा |
| 129. | नवागढ़ | 2007-08 | 63.3 | 2.45 | मुख्य मार्ग अवरिद से बोरभट्ठी |
| 130. | नवागढ़ | 2007-08 | 107.99 | 3.65 | मुख्य मार्ग से पचेड़ा |
| 131. | नवागढ़ | 2007-08 | 17.27 | 0.70 | T09 से पाली |

### परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 228) के भाग (क) की जानकारी ]

### जगदलपुर विधान सभा में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत जारी जाब कार्ड की ग्राम पंचायतवार जानकारी

**विकासखण्ड-जगदलपुर**

| क्र. (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | कुल पंजीकृत परिवार की संख्या (3) | कुल जाब कार्ड धारी परिवार की संख्या (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | तुसेल | 185 | 185 |
| 2. | आटम | 297 | 297 |
| 3. | घुरगुड़ा | 401 | 401 |
| 4. | हल्बाकचोरा | 199 | 199 |
| 5. | आड़ावाल | 329 | 329 |
| 6. | खम्हारगांव | 335 | 335 |
| 7. | बाबूसेमरा | 325 | 325 |
| 8. | सरगीपाल ग्रा. | 164 | 164 |
| 9. | कवालीकला | 265 | 265 |
| 10. | नानगुर | 255 | 255 |
| 11. | हाटपदमुर | 250 | 250 |
| 12. | कस्तुरी | 163 | 163 |
| 13. | उलनपाल | 196 | 196 |
| 14. | नगरनार | 575 | 575 |
| 15. | धनपुंजी | 186 | 186 |
| 16. | भेजापदर | 206 | 206 |
| 17. | बम्हनी | 211 | 211 |
| 18. | कुम्हली | 311 | 311 |
| 19. | नोकनवाड़ा | 320 | 320 |
| 20. | आमागुड़ा | 260 | 260 |
| 21. | बिलोरी | 565 | 565 |
| 22. | करनपुर | 201 | 201 |
| 23. | माड़पाल | 408 | 408 |
| 24. | गरावण्ड खुर्द | 258 | 258 |
| 25. | बिरंगपाल | 361 | 361 |
| 26. | पुसपाल | 379 | 379 |
| 27. | नेतानार | 353 | 353 |
| 28. | कलचा | 288 | 288 |
| 29. | तुरेनार | 301 | 301 |
| 30. | जामावाड़ा | 475 | 475 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 31. | काकरवाड़ा | 281 | 281 |
| 32. | बड़ेमुरमा | 193 | 193 |
| 33. | मांझीगुड़ा | 252 | 252 |
| 34. | कुम्हारावण्ड | 163 | 163 |
| 35. | कावापाल | 379 | 379 |
| 36. | कुरंदी | 570 | 570 |
| 37. | मारकेल | 690 | 690 |
| 38. | घाटपदमुर | 250 | 250 |
| 39. | धान्नीकोंटा | 282 | 282 |
| 40. | कालीपुर | 147 | 147 |
| 41. | तितिरगांव | 138 | 138 |
| 42. | निवानार | 270 | 270 |
| 43. | पंडरीपानी | 480 | 480 |
| 44. | परपा | 167 | 167 |
| 45. | बिरिंगपाल | 237 | 237 |
| 46. | कैकागढ़ उर्फ घेरबहार | 266 | 266 |
| 47. | धनियालूर | 208 | 208 |
| 48. | माड़गुड़ | 300 | 300 |
| 49. | उलनार | 258 | 258 |
| 50. | छोटेकवाली | 268 | 268 |
| 51. | कोलावाड़ा | 212 | 212 |
| 52. | आसना | 459 | 459 |
| | योग | 15492 | 15492 |

**विकासखण्ड-दरभा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कामानार | 328 | 328 |
| 2. | मावलीपदर | 701 | 701 |
| 3. | नेगानार | 279 | 279 |
| 4. | कनकापाल | 218 | 218 |
| 5. | टाहकावाड़ा | 285 | 285 |
| 6. | दरभा | 355 | 355 |
| 7. | लेण्ड्रा | 574 | 574 |
| 8. | ककनार | 205 | 205 |
| 9. | कोयनार | 315 | 315 |
| 10. | केशापुर | 244 | 244 |
| 11. | छिन्दबहार | 270 | 270 |
| 12. | चिंगपाल | 366 | 366 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 13. | तिरथगढ़ | 235 | 235 |
| 14. | कोलेंग | 325 | 325 |
| 15. | छिन्दगुर | 395 | 395 |
| | **योग** | **5095** | **5095** |
| | **महायोग (जगदलपुर/दरभा)** | **20587** | **20587** |

परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1388) के भाग (क) की जानकारी ]

**विधान सभा कसडोल क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत वर्ष 2007-08, 08-09 एवं 09-10 (दिसम्बर 2009 तक) में कुल स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों का विवरण**

| क्र. | कार्य का प्रकार | 2007-08 | | | | 2008-09 | | | | 2009-10 | | | | स्वीकृत कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पूर्ण | अपूर्ण | अप्रारंभ | योग | पूर्ण | अपूर्ण | अप्रारंभ | योग | पूर्ण | अपूर्ण | अप्रारंभ | योग | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) |
| 1. | जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्य. | 28 | 0 | 0 | 28 | 23 | 5 | 0 | 28 | 0 | 3 | 10 | 13 | कार्य स्वीकृत से 01 वर्ष. |
| 2. | सूखा निवारण (वन रोपण एवं वृक्षारोपण). | 15 | 1 | 0 | 16 | 132 | 2 | 0 | 134 | 1 | 0 | 0 | 1 | समयावधि 03 वर्ष |
| 3. | सूक्ष्म एवं लघु सिंचाई परियोजना. | 12 | 14 | 0 | 26 | 8 | 17 | 0 | 25 | 1 | 1 | 11 | 13 | समयावधि 03 वर्ष |
| 4. | व्यक्ति मूलक कार्य (अजा., अजजा., बीपीएल तथा इंआयो के हितग्राहियों हेतु). | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 11 | 0 | 21 | 49 | 14 | 364 | 427 | कार्य स्वीकृत से 01 वर्ष. |
| 5. | पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्नवीनीकरण. | 180 | 4 | 0 | 184 | 110 | 18 | 0 | 128 | 51 | 88 | 120 | 259 | कार्य स्वीकृत से 01 वर्ष. |
| 6. | भूमि विकास | 137 | 0 | 0 | 137 | 3 | 9 | 0 | 12 | 1 | 2 | 0 | 3 | कार्य स्वीकृत से 01 वर्ष. |
| 7. | बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा परियोजनाएं. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 8. | ग्रामीण सड़क संपर्क | 249 | 34 | 0 | 283 | 85 | 117 | 0 | 202 | 11 | 101 | 82 | 194 | कार्य स्वीकृत से 01 वर्ष. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | अन्य कार्य (ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अनुमोदित). | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | **योग** | **621** | **53** | **0** | **674** | **371** | **179** | **0** | **550** | **114** | **209** | **587** | **910** | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 955) के भाग (क) की जानकारी ]

**विधान सभा क्षेत्र संजारी बालोद के अंतर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में स्वीकृत सड़कों की जानकारी**

(लम्बाई कि. मी. राशि लाख रु. में)

| स. क्र. | स्वीकृत वर्ष | सड़क नाम | लंबाई | स्वीकृत राशि (संधारण सहित) | ठेकेदार का नाम | कार्य की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | 2006-07 | मेनरोड पड़कीभाट से मोहारा बासीन | 10.50 | 339.88 | मेसर्स राहुल कन्सट्रक्शन. | पूर्ण |
| 2. | 2007-08 | झलमला से भेड़िया नवागांव | 7.15 | 230.21 | मे. अमर बिल्डर्स | पूर्ण |
| 3. | 2007-08 | मेनरोड T04 से नर्रा | 8.15 | 255.15 | मे. अमर बिल्डर्स | पूर्ण |
| 4. | 2007-08 | मेनरोड से देवरतराई | 3.90 | 120.74 | मे. अमर बिल्डर्स | पूर्ण |
| 5. | 2007-08 | मेनरोड से घोघोपुरी | 3.12 | 106.18 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 6. | 2007-08 | मेनरोड से भेजा (एम.) | 1.90 | 45.65 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 7. | 2007-08 | मेनरोड से खर्रा | 0.90 | 21.55 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 8. | 2007-08 | मेनरोड से बिरई (अमलीडीह) | 5.35 | 186.85 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 9. | 2007-08 | मेनरोड से देवकोट | 1.90 | 62.68 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 10. | 2007-08 | मेनरोड से संगनी | 1.10 | 35.57 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 11. | 2007-08 | मेनरोड (भरदा घापोपुरी) से रमतरा | 3.17 | 83.68 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 12. | 2007-08 | मेनरोड (कोलिहामार) से टेकवाडीह | 3.00 | 90.4 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 13. | 2007-08 | मेनरोड (बालोद धमतरी) से टेंगना | 4.12 | 103.87 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | लो. नि. वि. द्वारा बी. टी. |
| 14. | 2007-08 | बोहारडीह परसुली से खुन्दनी | 1.50 | 43.59 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | 2007-08 | पेनरोड (बालोद धमतरी) से छेड़िया | 1.22 | 33.48 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |
| 16. | 2007-08 | दियाबाती से कंवर | 7.33 | 204.86 | मे. बाफना अर्थ मूवर्स. | पूर्ण |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 1375) के भाग (क) की जानकारी ]

**खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित/निर्माणाधीन सड़कों की परफारमेंस गांरन्टी की जानकारी**

| स. क्र. | स्वीकृत वर्ष | समूह क्रमांक | सड़क का नाम | परफॉरमेंस गांरटी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | 2007-08 | सीजी-12-36 | टी. 09 से पोटिया | 25-06-2014 |
| 2. | 2007-08 | सीजी-12-38 | टी. 010 से छिन्दौली | 24-06-2014 |
| 3. | 2007-08 | सीजी-12-38 | सोनसिल्ली से पोंच | 24-06-2014 |
| 4. | 2008-09 | सीजी-12-40 | परसदा से तमोरा | 31-03-2015 |
| 5. | 2008-09 | सीजी-12-40 | एन. एच.-217 (सुअरमाल) से खुरमुड़ी | 31-03-2015 |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 1115) के भाग (क) की जानकारी ]

### विधान सभा खुज्जी क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में स्वीकृत सड़कों की जानकारी

| स. क्र. | स्वीकृत वर्ष | सड़क का नाम | लंबाई (कि. मी.) | स्वीकृत राशि (संधारण सहित) | कार्य की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2007-08 | सड़क चिरचारी से पंडरापानी | 20.30 | 514.00 | अपूर्ण |
| 2. | 2007-08 | टी. 02 से भोलापुर | 4.00 | 93.71 | पूर्ण |
| 3. | 2007-08 | डोंगरगांव-गुंडरदेही रोड से गोडलवाही | 5.50 | 148.75 | पूर्ण |
| 4. | 2007-08 | सोमाझिटिया-पांडेटोला रोड से बाहराटोला | 1.60 | 39.56 | पूर्ण |
| 5. | 2007-08 | डोंगरगांव-छुरिया रोड पांडेटोला | 18.00 | 443.18 | पूर्ण |
| 6. | 2007-08 | छुरिया हाट बंजारी (टी-09 ) से मासूल | 5.35 | 112.87 | अपूर्ण |
| 7. | 2007-08 | चिल्हाटी-बांधाबाजार रोड (टी07) से लालाकोड़ो | 7.80 | 204.52 | पूर्ण |
| 8. | 2007-08 | चिल्हाटी-बांधाबाजार रोड रेंगाकठेरा (जरहाटोला) | 5.00 | 120.75 | पूर्ण |
| 9. | 2007-08 | बांधाबाजार से चिल्हाटी | 16.30 | 436.44 | पूर्ण |
| 10. | 2007-08 | आटरा से बरामुंढ़ी | 2.35 | 53.07 | पूर्ण |
| 11. | 2007-08 | टी 01 से डोंगापार | 0.55 | 14.55 | पूर्ण |
| 12. | 2007-08 | टी 06 से झिटिया | 1.00 | 25.04 | पूर्ण |
| 13. | 2007-08 | टी 06 से कोशाटोला | 3.50 | 90.49 | पूर्ण |
| 14. | 2007-08 | बिहरीकला से बागनारा | 3.50 | 95.91 | अप्रारंभ |
| 15. | 2007-08 | खुर्सीटिकुल से करमतरा | 2.20 | 58.31 | पूर्ण |
| 16. | 2007-08 | 4 कि. मी. बिहरीखुर्द दनगढ़ रोड से जीराटोला | 0.90 | 26.35 | पूर्ण |
| 17. | 2007-08 | आमाटोला से मांगाटोला | 2.50 | 63.92 | पूर्ण |
| 18. | 2007-08 | 6 कि. मी. टी 01 बिहरीकला डुमरपुंचा रोड से केसरीटोला. | 1.75 | 53.38 | पूर्ण |
| 19. | 2008-09 | धमनी धारभाठा से बेंदाड़ी | 11.80 | 353.20 | अपूर्ण |
| 20. | 2008-09 | गोडलवाही मार्ग से मासुलकसा | 2.90 | 93.78 | अपूर्ण |
| 21. | 2008-09 | टी 04 से संबलपुर | 1.50 | 41.10 | अपूर्ण |
| 22. | 2008-09 | गोडलवाही मार्ग से मोहगांव | 4.00 | 116.57 | अपूर्ण |
| 23. | 2008-09 | गोडलवाही मार्ग से बड़गांव | 1.10 | 31.93 | अपूर्ण |
| 24. | 2008-09 | गोडलवाही मार्ग से बरबसपुर | 1.00 | 28.08 | अपूर्ण |
| 25. | 2008-09 | ऊमरवाही से परेवाडीह | 4.00 | 123.84 | अपूर्ण |
| 26. | 2008-09 | टी 03 से कापा | 2.00 | 47.83 | अपूर्ण |
| 27. | 2008-09 | टी 03 से पतोरा | 3.10 | 76.36 | पूर्ण |
| 28. | 2008-09 | टी 03 से माटराखुज्जी | 3.30 | 80.42 | अपूर्ण |
| 29. | 2008-09 | एल 055 से बिजेपार | 2.20 | 77.75 | अपूर्ण |
| 30. | 2008-09 | टी 08 से कटेंगाटोला | 4.50 | 121.62 | अपूर्ण |
| 31. | 2008-09 | एन. एच.-6 से अंको | 3.20 | 86.3 | अपूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 32. | 2008-09 | रंगीटोला हाटबंजारी मार्ग से केजोटोला | 2.70 | 75.95 | अपूर्ण |
| 33. | 2008-09 | टी 09 से पडरामटोला | 1.80 | 43.24 | अपूर्ण |
| 34. | 2008-09 | टी 09 से बापूटोला | 1.00 | 23.80 | अपूर्ण |
| 35. | 2008-09 | टी 09 से भंडारपुर | 3.85 | 93.00 | अपूर्ण |
| 36. | 2008-09 | टी 09 से भकुर्रा | 4.00 | 105.80 | अपूर्ण |
| 37. | 2008-09 | टी 09 से घोघरे | 1.25 | 34.55 | पूर्ण |
| 38. | 2008-09 | सोमाझिरिया-पांडेटोला मार्ग से केरेगांव | 1.90 | 55.26 | अपूर्ण |
| 39. | 2008-09 | कन्हारपुरी से सांकरदाहरा | 1.30 | 37.74 | पूर्ण |
| 40. | 2008-09 | टी 06 से बिजेपार (कुमर्दा) | 2.75 | 72.42 | अपूर्ण |
| 41. | 2008-09 | टी 02 से पुर्रामटोला | 1.00 | 27.08 | अपूर्ण |
| 42. | 2008-09 | टी 02 से जरहामहका | 1.40 | 40.44 | अपूर्ण |
| 43. | 2008-09 | टी 02 से लक्ष्मण भरदा | 1.10 | 31.60 | अपूर्ण |
| 44. | 2008-09 | टी 02 से तेलगान | 4.00 | 100.63 | अपूर्ण |
| 45. | 2008-09 | टी 02 से तेन्दूटोला | 1.25 | 36.03 | अपूर्ण |
| 46. | 2008-09 | आमाटोला से रैनूटोला | 3.90 | 108.72 | अपूर्ण |
| 47. | 2008-09 | आमाटोला मार्ग से जडंगाटोला | 4.50 | 126.83 | अपूर्ण |
| 48. | 2008-09 | रेंगाकठेरा से जरहाटोला | 2.00 | 57.89 | अपूर्ण |
| 49. | 2008-09 | चिल्हाटी-बांधाबाजार मार्ग से सिंगारपटोला | 4.70 | 138.44 | अपूर्ण |
| 50. | 2008-09 | पेंदलकुही से कुसुमकसा | 2.60 | 76.03 | अपूर्ण |
| 51. | 2008-09 | एल 056 से साल्हे कुसुमकसा | 1.50 | 34.91 | अपूर्ण |
| 52. | 2008-09 | मुरेठीटोला-बोदाल मार्ग से मुंगेशीटोला | 2.60 | 73.77 | अपूर्ण |
| 53. | 2008-09 | भर्रीटोला से भंडारीटोला | 1.00 | 44.22 | अपूर्ण |
| 54. | 2008-09 | टी 08 से केशाला | 2.20 | 61.32 | अपूर्ण |
| 55. | 2008-09 | टी 08 (एम. डी. आर. ) से सिरमुन्दा | 3.00 | 85.57 | अपूर्ण |
| 56. | 2008-09 | खुर्सीटिकुल से सिरलगढ़ | 5.25 | 137.86 | पूर्ण |
| 57. | 2008-09 | टी 06 से मुंजाल | 0.90 | 21.50 | अपूर्ण |
| 58. | 2008-09 | टी 08 से मालडोंगरी | 2.25 | 54.32 | अपूर्ण |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 699) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2006-07 से 2009-10 (दिनांक 20-01-2010 तक) केन्द्र शासन से प्राप्त राशि एवं भुगतान का विवरण**

| क्र. | वर्ष | केन्द्र शासन से प्राप्त राशि (लाख में) | प्रशासकीय स्वीकृत कार्य की राशि (लाख में) | भुगतान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | 2006-07 | 70309.60 | 94238.17 | 61535.37 |
| 2. | 2007-08 | 115246.01 | 214576.42 | 133648.05 |
| 3. | 2008-09 | 164216.78 | 220482.94 | 133171.62 |
| 4. | 2009-10 (20-01-2010 तक). | 76700.30 | 149426.02 | 96295.10 |
| | **योग** | **426472.69** | **678723.55** | **424650.14** |